हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार 30 अप्रैल 2026


**तापमान**

अधिकतम 38 .7 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

**शहर में आज**

- डीसी की अधिकारियों के साथ बैठक 11 बजे।
- वैश्य कॉलेज में नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 10 बजे।
- तिलयार स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में प्रेसवार्ता 12 बजे।
- दमकल केंद्र कर्मचारियों का धरना जारी।

## खबर संक्षेप

### मदवि: यूजी-पीजी कोर्सों के परिणाम घोषित किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने दिसंबर 2025 व जनवरी 2026 में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि एमएससी (कंप्यूटर साइंस) प्रथम सेमेस्टर, एमएससी (सीएसई - डेटा साइंस एवं मशीन लर्निंग) प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स बीए (सीडीओई) तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर, बीए ऑनलाइन तृतीय सेमेस्टर और बीकॉम (सीडीओई) तृतीय, पंचम व छठे सेमेस्टर फुल व री-अपीयर तथा पहले, दूसरे और चौथे सेमेस्टर के री-अपीयर की परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। छात्र अपना रिजल्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### शिवाजी कॉलोनी: महिला ने फंदा लगाकर जान दी

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित एरिया में एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की। पुलिस ने बताया कि एक महिला ने आत्महत्या की है। कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है।

### एमडीयू में लेक्चरर वॉक-इन आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के शिक्षा विभाग में 4 वर्षीय आईटीईपी पाठ्यक्रम में एजुकेशन फैकल्टी 1 (लेक्चर बेसिस) के लिए वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह इंटरव्यू 30 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग के कार्यालय में होगा। शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ माधुरी हुड्डा ने बताया कि यह नियुक्ति आईटीईपी के द्वितीय सेमेस्टर के लिए लेक्चर बेसिस (फैकल्टी) पर की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने सभी संबंधित दस्तावेज 30 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक शिक्षा विभाग के कार्यालय में जमा कर दें।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी क्षेत्र में गांव सुनारिया रतनपुरी स्थित मकान से जेवरात चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपी सुमीत उर्फ मीतु को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। शिकायतकर्ता अमित ने बताया कि 26 अप्रैल को वह अपनी माता के साथ घर से बाहर गया था। वापसी पर घर का ताला टूटा मिला और संदूक से जेवरात गायब थे। कुलदीप की टीम ने आरोपी को दबोच लिया। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी है। मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गर्मी में सूखेगा शहरवासियों का गला

- 2 मई को बंद होगा जेएलएन में पानी, 27 को आएगा
- 3 से 10 मई तक भालौठ सब-ब्रांच में सप्लाई मिलेगी
- इसके बाद17 दिन भीषण गर्मी में गहराएगा संकट

*» 10-12 साल में भी शहर के लिए पीने के पानी का इंतजाम नहीं कर पाई सरकार*

*» हर साल दोहराई जा रही समस्या, स्थायी समाधान अब तक नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गर्मी का पारा फिर चढ़ने से पहले ही शहर की नब्ज जेएलएल सूखने जा रही है। सिंचाई विभाग की घोषणा के मुताबिक 2 मई को जेएलएन फीडर बंद हो जाएगा और 27 मई को ही दोबारा पानी आएगा। बीच में एक संक्षिप्त राहत की झलक 3 मई से भालौठ सब- ब्रांच में सप्लाई के रूप में मिलेगी, जो 10 मई तक चलेगी। इसके बाद 11 से 27 मई तक नहरें सूखी रहेंगी। यानी ठीक उसी वक्त जब गर्मी अपना सबसे तीखा चेहरा दिखाती है। कागजों पर यह महज रोटेशन प्लॉन है, लेकिन जमीन पर यह शहर के लिए पानी का ब्लैकआउट साबित हो सकता है। सवाल सीधा है कि जब तापमान चरम पर हो, तब 17 दिनों का यह अंतराल किस तैयारी के भरोसे झेला जाएगा। वाटरटैंकों, टैंकों और वितरण नेटवर्क की क्षमता पहले ही सीमाओं से जूझती रही है। ऐसे में लंबा अंतराल पानी की सप्लाई को अस्थिर कर देगा और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर पड़ेगा।

### शहर के कई क्षेत्रों में बिगड़ सकते हैं हालात



### स्टोरेज और वैकल्पिक स्त्रोतों पर प्रगति नहीं

सबसे चुभने वाली बात यह है कि बीते 10-12 वर्षों में शहर की जल समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया। हर साल वही पटकथा कि गर्मी आई, सप्लाई घटी, टैंकर बढ़े, और लोग लाइन में लगे। बड़े-बड़े वादों के बावजूद पाइपलाइन, स्टोरेज और वैकल्पिक स्रोतों पर ठोस प्रगति नजर नहीं आती। नतीजा, एक फीडर बंद होते ही पूरा सिस्टम हांफने लगता है। भालौठ ब्रांच की एक सप्ताह की सप्लाई को समाधान बताना भी हकीकत से आंखें मूंदना है। 10 मई के बाद का लंबा सूखा अंतराल शहर के लिए असली परीक्षा होगा। इस दौरान यदि वितरण में जरा-सी चूक हुई, तो कई इलाकों में दिन-दिन भर नल सूखे रह सकते हैं। निचले दबाव वाले मोहल्लों में तो हालात और बिगड़ने का खतरा है। पब्लिक हेल्थ के मोर्चे पर भी यह स्थिति खतरनाक है। पानी की कमी का सीधा असर स्वच्छता पर पड़ता है। हाथ धोने से लेकर घरों की साफ-सफाई तक सब प्रभावित होता है। ऐसे में जलजनित बीमारियों का जोखिम बढ़ना तय है।

### विभागों की खींचतान से बढ़ी दिक्कत

जेएनएल फीडर से लेकर शहर के पुराने जलघर तक आज तक भूमिगत पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा नहीं हो पाया है। नतीजा यह है कि कच्चे पानी की सप्लाई का बड़ा हिस्सा रास्ते में ही बह जाता है और लाखों लीटर पानी सड़कों पर बर्बाद होता रहता है। यह केवल संसाधनों की बर्बादी नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का खुला उदाहरण है। हालात तब और चिंताजनक हो जाते हैं जब जलघर में पानी की कमी होती है। ऐसे समय में जन स्वास्थ्य विभाग अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय सिंचाई विभाग पर आरोप मढ़ देता है कि पर्याप्त कच्चा पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि उपलब्ध पानी का भी सही प्रबंधन नहीं हो पा रहा है।

### 11 से 27 मई तक नहरों में पानी पूरी तरह बंद रहेगा



2 मई से जेएलएन फीडर बंद रहेगा और 27 मई को ही दोबारा पानी की आपूर्ति शुरू होगी। 3 से 10 मई तक भालौठ सब- ब्रांच के जरिए कुछ राहत मिलेगी, लेकिन 11 से 27 मई तक नहरों में पानी पूरी तरह बंद रहेगा। -रामनिवास
कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग रोहतक

### लीकेज-अधूरी पाइपलाइन से लाखों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

टूटा-फूटा माइनर होने की वजह से पानी भारी लीकेज है, जिससे जल संकट और गहरा जाता है। यदि समय रहते मजबूत और पूरी तरह से भूमिगत पाइपलाइन बिछा दी जाती, तो पानी की इस बर्बादी को काफी हद तक रोका जा सकता था। लेकिन वर्षों से लंबित यह काम अब भी फाइलों में अटका हुआ है। विभागों के बीच तालमेल की कमी और जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जो हर गर्मी में पानी के लिए जूझने को मजबूर हो जाती है।

## कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल, विदेशी कनेक्शन आ रहे सामने

*गोदारा गैंग के नाम पर फोन कॉल कर दी जान से मारने की धमकी*

# एक और स्कूल संचालक से मांगे दो करोड़ रुपये

> शहर में कम नहीं हो रहे अपराध, एसपी तक बदले, फिर भी वही ढर्रा

> पहले भी कारोबारियों, स्कूल और अस्पताल संचालकों से मांगी जा चुकी चौथ

> लोगों में बढ़ रहा भय का माहौल, सुरक्षित नहीं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामला एक निजी स्कूल संचालक से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का सामने आया है। आरोप है कि बदमाशों ने खुद को कुख्यात गोदारा गैंग से जुड़ा बताया और फोन के जरिए धमकी दी। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है और उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने भी शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए प्रयास कर रही है। इससे पहले भी शहर में कई नामी स्कूल संचालकों, अस्पताल संचालकों और व्यापारियों से रंगदारी की मांग की जा चुकी है। इनमें से कई को पहले ही सिक्योरिटी मिल चुकी है। हालांकि एसपी तक बदले जा चुके हैं लेकिन उसके बावजूद भी अपराध नहीं थम रहे हैं और पुलिस पुराने ढर्रे पर काम कर रही है। जानकारी के अनुसार, स्कूल संचालक को पिछले कुछ दिनों से अज्ञात नंबरों से कॉल आ रही थीं। कॉल करने वालों ने खुद को गैंगस्टर गिरोह से जुड़ा बताते हुए दो करोड़ रुपये की मांग की। रकम न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए परिवार ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित के शहर और आसपास कई संस्थान है। इसलिए उन्होंने सभी संस्थानों पर पुलिस सुरक्षा तत्काल देने की मांग की है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्हें अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है। साथ ही यह भी कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई वारदात हो सकती है।



### पहले भी कई लोगों को निशाना बनाया गया

यह पहला मामला नहीं है जब रोहतक में इस तरह की रंगदारी की घटनाएं सामने आई हैं। इससे पहले भी शहर के कई कारोबारियों, अस्पताल संचालकों और स्कूल संचालकों को निशाना बनाया जा चुका है। कई मामलों में अलग-अलग गैंग के नाम सामने आए हैं। कुछ पीड़ितों को सुरक्षा के तौर पर गनमैन भी दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।

### विदेशी कॉल को ट्रेस करना चुनौतीपूर्ण

सूत्रों के अनुसार, अधिकतर मामलों में रंगदारी की मांग फोन कॉल के जरिए की जाती है। जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ कॉल विदेशों से इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से की गई हैं, जिससे पुलिस के लिए आरोपियों तक पहुंचना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। यही कारण है कि अब तक कई मामलों में मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

### ऐसे गिरोह पर सख्त कार्रवाई की जाए

इस तरह की घटनाओं के लगातार सामने आने से आम लोगों और व्यापारियों में भय का माहौल बनता जा रहा है। लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इन गिरोहों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

### कॉल डिटेल्स खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं और साइबर सेल की मदद ली जा रही है। साथ ही संदिग्ध नंबरों की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने परिवार को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।




रोहतक। कैनाल रेस्ट हाउस के पास नहीं दिखाई दिया सेल्फी प्वाइंट। फोटो : हरिभूमि

# लाखों के सेल्फी प्वाइंट बदहाल कहीं गायब, कहीं पोस्टरों से पटे

*» जॉट कॉलेज, कैनाल रेस्ट हाउस, मानसरोवर पार्क और किला रोड पर बनाए गए हैं सेल्फी प्वाइंट*

*» सुंदरता के लिए बनाए गए थे, बड़ा सवाल क्या लाभ हुआ, आई लव रोहतक के नाम से बनाए गए थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सुंदरता बढ़ाने और लोगों को आकर्षित करने के उद्देश्य से नगर में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट अब खुद बदहाली की तस्वीर बनते नजर आ रहे हैं। लाखों रुपये खर्च कर जाट कॉलेज, कैनाल रेस्ट हाउस, मानसरोवर पार्क और किला रोड पर तैयार किए गए ये सेल्फी प्वाइंट अपने मकसद पर खरे नहीं उतर पाए हैं। कहीं ये पूरी तरह गायब हो चुके हैं तो कहीं इनकी हालत इतनी खराब है कि लोग वहां रुकना भी पसंद नहीं कर रहे। जाट कॉलेज और कैनाल रेस्ट हाउस के पास बनाए गए सेल्फी प्वाइंट अब पूरी तरह गायब हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ समय पहले तक यहां लोग फोटो खिंचवाने आते थे, लेकिन अब वहां इनका कोई नामोनिशान तक नहीं है। सवाल यह उठ रहा है कि इनको हटाया गया या वे खराब होकर खत्म हो गए, इस बारे में जिम्मेदार निगम की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा। वहीं मानसरोवर पार्क में बना सेल्फी प्वाइंट भी अपनी पहचान खोता जा रहा है। इस पर जगह-जगह पोस्टर चिपकाए गए हैं। पार्क में घूमने आने वाले लोगों का कहना है कि यह जगह अब आकर्षण का केंद्र नहीं रही। हुआ करती थी, लेकिन अब इसकी हालत देखकर निराशा होती है। पोस्टरों की भरमार के कारण यहां फोटो लेना भी लोगों को पसंद नहीं आता। इसके सामने अक्सर लोग धुम्रपान करते रहते हैं और यह रेहड़ियों से अटा रहता है। किला रोड पर बना सेल्फी प्वाइंट अभी हाल ही में बनाया गया है जिस पर 13 लाख से अधिक खर्च हो चुके हैं।




मानसरोवर पार्क के पास सेल्फी प्वाइंट पर लगे पोस्टर और सामने खड़ी रेहड़ियां।



रोहतक। जाट कॉलेज के बाहर से गायब हो चुका सेल्फी प्वाइंट।

### जिले के 142 गांवों में 24 घंटे बिजली की हो रही सप्लाई

**रोहतक।** जिले में नागरिकों को निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा रोहतक सर्कल के 172 गांवों में से 142 गांवों में बिजली व्यवस्था को मजबूत कर 24 घंटे सप्लाई दी जा रही है। इसके अलावा 10 गांवों में कार्य पूरा कर 16 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जबकि शेष 20 गांवों में सुधार कार्य तेजी से जारी है।

बुधवार को कैंप कार्यालय में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचे हुए गांवों में जल्द से जल्द 24 घंटे बिजली आपूर्ति शुरू करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने बताया कि भैणी चन्द्रपाल, सैमाण, भैणी सूरजन, खरकड़ा, मुंगाण, आसन और छारा गांवों में कार्य प्रगति पर है।

## टेबल पर संवाद : औपचारिकता से दूर खुले माहौल में छात्रों ने साझा किए अनुभव और समस्याएं

*विद्यार्थियों को दिया सकारात्मक माहौल बनाने का संदेश*

# चाय की चुस्कियों संग खुली बात, कैंटीन में छात्रों संग दिखे कुलपति प्रो. मिलाप

■ कैंपस में संवाद, संस्कृति को मजबूत करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) कैंपस में बुधवार को एक अलग ही नज़ारा देखने को मिला, जब कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया औपचारिक बैठकों से बाहर निकलकर सीधे कैंटीन में छात्रों के बीच पहुंच गए। चाय की चुस्कियों के साथ शुरू हुआ यह संवाद जल्द ही एक खुली और सहज बातचीत में बदल गया, जहां छात्रों ने बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं, सुझाव और अनुभव साझा किए। कुलपति ने भी पूरे ध्यान से हर मुद्दे को सुना और समाधान का भरोसा दिया। हॉस्टल सुविधाओं से लेकर शैक्षणिक माहौल तक, कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। इस अनौपचारिक पहल ने न केवल छात्रों को अपनी बात रखने का मंच दिया, बल्कि कैंपस में संवाद और भरोसे का एक सकारात्मक माहौल भी तैयार किया, जो विश्वविद्यालय जीवन के लिए बेहद जरूरी माना जाता है। आमतौर पर प्रशासन और छात्रों के बीच दिखने वाली दूरी यहां नजर नहीं आई।



रोहतक। कैंटीन में छात्रों से संवाद करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया। फोटो : हरिभूमि

### संवाद की संस्कृति को बढ़ावा दें

कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि सामाजिक संवाद ही समावेशी समाज की असली ताकत है। जब तक लोग एक-दूसरे की बात नहीं सुनेंगे, तब तक सामाजिक समरसता संभव नहीं है। विश्वविद्यालयों को भी संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि छात्र न सिर्फ पढ़ाई में बल्कि सामाजिक समझ में भी आगे बढ़ें।

### छात्र जीवन के अनुभव साझा किए

संवाद के दौरान कुलपति ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि संघर्ष और सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा के जरिए कैसे आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि शिक्षा ही वह साधन है, जो उन्हें खुद और अपने परिवार को आगे बढ़ाने की ताकत देता है। उन्होंने छात्रों से शिक्षा के साथ साथ कौशल विकास पर फोकस करने का आह्वान किया।कुलपति के इस अंदाज से छात्र उत्साहित नजर आए। उनका कहना था कि पहली बार उन्हें इतनी सहजता से अपनी बात रखने का मौका मिला।

# शराब ठेकों की आड़ में तस्करी का भंडाफोड़

*हनुमान कॉलोनी में दो गाड़ियां और 348 बोतल अवैध शराब पकड़ी, चार गिरफ्तार*

**रोहतक।** शहर में शराब ठेकों की आड़ में अवैध शराब की तस्करी करने वाले गिरोह पर शिकंजा कसते हुए थाना पुरानी सब्जी मंडी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो गाड़ियों को कब्जे में लेकर अलग-अलग मार्का की कुल 348 बोतल शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने तस्करी में शामिल मुख्य आरोपियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। 24 अप्रैल 2026 को सुखपुरा चौक पुलिस चौकी की टीम पावर हाउस चौक के पास गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि महम क्षेत्र के शराब ठेकेदार अंशुल और अमन अपनी दो गाड़ियों में रोहतक शहर के विभिन्न हिस्सों में अवैध शराब की सप्लाई करने की फिराक में हैं। पुलिस ने नाकाबंदी कर गाड़ियों को रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी हनुमान कॉलोनी की गलियों में गाड़ियां छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस द्वारा ली गई तलाशी में दोनों गाड़ियों से 252 बोतल अंग्रेजी शराब, 12 बोतल देसी शराब और 84 बोतल बीयर बरामद हुई। पुलिस जांच शुरू की। पुलिस ने 28 अप्रैल को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमन (निवासी खिड़वाली), अंशुल (निवासी राजीव कॉलोनी), राजेश (निवासी हनुमान कॉलोनी) और साहिल (निवासी सोनीपत) के रूप में हुई है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह अवैध शराब कहां से लाई गई थी और शहर में किन-किन स्थानों पर इसकी सप्लाई की जानी थी। आरोपियों को अदालत में पेश कर आगामी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

थमी रफ्तार
जाम का जंजाल

## अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और प्रशासनिक ढिलाई बनी वजह

# सांपला जाम से बेहाल, बाइपास भी नहीं दिला पा रहा राहत

प्रवीन सिंधु ▶▶| सांपला

कस्बे में जाम की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। करोड़ों रुपये की लागत से बने बाइपास से जहां लोगों को राहत की उम्मीद थी, वहीं जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों पर रोजाना लगने वाले जाम ने आमजन की जिंदगी को प्रभावित कर दिया है। स्कूली बच्चे, मरीज, महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं, जबकि एंबुलेंस जैसी आपात सेवाएं भी कई बार जाम में फंस जाती हैं। स्थिति इसलिए और बिगड़ गई है, क्योंकि सड़कों पर अवैध अतिक्रमण, ठेली-रेहड़ी और बेतरतीब पार्किंग ने रास्तों को संकरा कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस और नगर पालिका की मौजूदगी के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। कस्बे में अब जाम एक स्थायी समस्या बन चुका है, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

हरिभूमि सरोकार

### रोजाना जाम से परेशान हो रहे लोग, नहीं मिल पा रही राहत






■ सड़कों पर अवैध अतिक्रमण, ठेली रेहड़ी और बेतरतीब पार्किंग ने शहर के मुख्य रास्तों को किया संकरा

### इसलिए लगता है जाम

सड़क के बीचों-बीच ठेली और रेहड़ी लगाने वाले लोगों ने यातायात को बाधित कर रखा है। इसके साथ ही दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान फैलाकर अवैध कब्जा करना स्थिति को और खराब कर रहा है। वाहन चालक भी बिना किसी रोक-टोक के सड़कों पर ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे मार्ग और संकरा हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि कस्बे के बीचों-बीच पुलिस चौकी मौजूद होने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा। पुलिस की निष्क्रियता पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस और प्रशासन सख्ती दिखाए, तो जाम की समस्या पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है।

### नगर पालिका प्रशासन भी गंभीर नहीं

नगर पालिका प्रशासन भी अतिक्रमण हटाने को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। समय-समय पर कार्रवाई के अभाव में अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। इस स्थिति का असर न केवल सांपला कस्बे तक सीमित है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी यातायात प्रभावित हो रहा है। लोगों को रोजाना अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लगाना पड़ रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं लोग

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए, तभी सांपला को जाम से राहत मिल सकेगी।

### ये मुख्य परेशानियां

- बस स्टैंड और मुख्य बाजार में रोजाना घंटों जाम, लोगों का समय बर्बाद
- स्कूली बच्चों और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत
- एंबुलेंस और इमरजेंसी सेवाएं भी जाम में फंसती हैं
- सड़क पर अवैध अतिक्रमण से रास्ते संकरे
- ठेली-रेहड़ी और दुकानदारों द्वारा सड़क घेरना
- बेतरतीब पार्किंग से यातायात पूरी तरह बाधित
- पुलिस व नगर पालिका की ढिलाई से समस्या बनी रहती है

### यह सुधार संभव

- नियमित अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए
- मुख्य बाजार में नो-पार्किंग जोन सख्ती से लागू हो
- ठेली-रेहड़ी के लिए अलग निर्धारित स्थान तय किया जाए
- ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए और सख्त कार्रवाई हो
- सीसीटीवी कैमरों से निगरानी और चालान व्यवस्था मजबूत हो
- बाजार क्षेत्र में वन-वे ट्रैफिक सिस्टम लागू किया जाए
- आम लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाए

## खबर संक्षेप

### मदीना गिंधराण में कबड्डी नर्सरी के लिए ट्रायल आज

**महम।** खेल विभाग द्वारा मदीना गिंधराण प्रथम के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में नर्सरी खोली गई है। यह नर्सरी 1 मई से शुरू हो जाएगी। इसके लिए 30 अप्रैल को शाम 4 बजे गांव की गांव के स्टेडियम में ट्रायल होंगे। इस ट्रायल में 8 साल से 19 वर्ष के लड़के भाग ले सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, दो फोटो, बैंक पास बुक और परिवार पहचान पत्र साथ लेकर आएं। इसी दिन सुबह 7 से 8 बजे तक कोच की नियुक्ति के लिए भी साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा।

### बहलबा खास में स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**महम।** शुक्रवार एक मई को सुबह 10 बजे बहलबा खास गांव के सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के पास स्थित दरवाजे वाली चौपाल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। गांव के सरपंच कुलदीप राठी ने बताया कि यह शिविर दोपहर एक बजे तक चलेगा। कैंप में कान, नाक, गला, हड्डी, बीपी, शुगर की फ्री जांच की जाएगी। साथ ही मरीजों को दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### बहुजन समाज पार्टी की बैठक महम में आज

**महम।** महम के रविदास मंदिर में 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे बहुजन समाज पार्टी की एक विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष जगबीर लांग्यान करेंगे। पार्टी के प्रदेश महासचिव राजकुमार सालवान बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

### भाजपा ने तीन कार्यकर्ताओं को किया निष्कासित

**रोहतक।** सांपला नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर भाजपा जिला रोहतक द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर तीन पदाधिकारियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। अनिल कुमार शर्मा, सुधीर ओहल्याण और मंजीत सैन को तत्काल प्रभाव से पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित किया गया है । यह कार्रवाई संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने और पार्टी की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई है। जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने बताया कि संबंधित पदाधिकारियों द्वारा लगातार पार्टी लाइन के विपरीत गतिविधियों में भाग लिया जा रहा था, जिससे संगठन की छवि को नुकसान पहुंच रहा था, जिसके चलते यह कड़ा निर्णय लेना पड़ा।




### उद्योगों को सुविधाएं देना प्राथमिकता : उपायुक्त

**रोहतक।** जिले में औद्योगिक आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रशासन ने रफ्तार तेज कर दी है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्पष्ट किया कि उद्योगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता है और इस दिशा में अधिकारियों को समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को कैंप कार्यालय में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने एचएसआईआईडीसी अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में सीवर सफाई और ड्रेनेज व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए। विशेष रूप से कुताना औद्योगिक क्षेत्र में सीवर निर्माण कार्य को मई माह के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने ठेकेदारों को सुरक्षा मानकों का पालन करने और दैनिक कार्य प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा। उपायुक्त ने औद्योगिक क्षेत्रों में अवैध कब्जों पर भी सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य प्रवेश द्वारों से खोखे व अन्य अतिक्रमण तुरंत हटाने के निर्देश दिए। साथ ही बिना लाइसेंस संचालित शराब ठेकों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने और औद्योगिक क्षेत्रों में लोकेशन मैप लगाने पर भी जोर दिया, ताकि उद्यमियों और आगंतुकों को सुविधा मिल सके।

## रिटायर्ड कर्मचारी मई दिवस में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान जगपाल सांगवान ने बताया कि इस सन्दर्भ में रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्यस्तरीय पदाधिकारियों की सीटू व सर्वकर्मचारी संघ के राज्यस्तरीय पदाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसमें तय किया गया कि तीनों संगठन संयुक्त रूप से पूरे हरियाणा के तमाम जिलों में मई दिवस का आयेजन बड़े स्तर पर करेगें। मजदूर दिवस को सांझी समझदारी से मनाने का फैसला इसलिए लेना पड़ा क्योंकि सरकार की नीतियां लगातार हमारे संवैधानिक अधिकारों को समाप्त कर रही है। जगपाल सांगवान, ओमप्रकाश कादियान, रणबीर दहिया, मास्टर सुनहरा, खेमचन्द, प्रेम घिलौड़िया ने बताया कि इन हमलों का मुकाबला सभी संगठनों को मिलकर करना होगा। नए लेवल कोड लागू किए जा रहे हैं जिनके तहत संगठन बनाने के नियम कठोर बनाए जा रहे हैं, जबकि भर्तियों पर रोक लगाते हुए फिक्स टर्म अपवाइमनैंट की जाने लगी है।

■ भाजपा सरकार ने मजदूरों के संवैधानिक अधिकार किए खत्म



**रोहतक।** मीटिंग में विचार रखते मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## जनगणना 2027 देश की पहली डिजिटल स्व गणना, लोग स्वयं दर्ज करें जानकारी: नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या इंदु सप्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर फील्ड ट्रेनर एवं रसायन शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नवीन ने शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ को स्व-गणना की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 भारत की पहली डिजिटल जनगणना है, जिसमें नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। डॉ. नवीन ने अपने संबोधन में बताया कि स्व-गणना के लिए नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर लॉगिन कर सकते हैं। इसके पश्चात राज्य का चयन कर इंटरैक्टिव मैप के माध्यम से अपने निवास स्थान को चिन्हित करते हुए लगभग 33 प्रश्नों से संबंधित जानकारी भर सकते इस प्रक्रिया सीमित अवधि के लिए उपलब्ध रहती है, जो घर-घर सर्वेक्षण से पूर्व आयोजित की जाती है।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते सहायक आचार्य डॉ. नवीन। फोटो : हरिभूमि



**महम।** विदाई पार्टी में भाग लेते भूगोल विभाग के विद्यार्थी और उनके साथ मौजूद प्राध्यापक। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने विदाई पार्टी में बांधा समां

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। जूनियर्स ने अपने सीनियर्स विद्यार्थियों को विदाई दी। इस दौरान छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हरियाणवीं परिधान पहनकर छात्राओं ने लोकगीतों पर धमाल मचाया। सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ विदाई पार्टी का आनंद लिया। प्राध्यापक दीपक कायत ने सभी विद्यार्थियों को चिंतामुक्त होकर परीक्षाएं देने के लिए कहा। प्रिंसिपल डॉ सत्यव्रत सोलंकी ने बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक लेने के लिए प्रेरित किया। बीए फाइनल के विद्यार्थियों में मिस्टर फेयरवेल मोनू और मिस फेयरवेल वर्षा रही। इस मौके पर भूगोल विभागाध्यक्ष अनिल चहल, प्रदीप मलिक, डॉ. दीपक इतिहास प्राध्यापक, विकास भौतिकी प्राध्यापक, वेदपाल व प्रमिला मौजूद रहे।

**समारोह** डीएलसी सुपवा में दीक्षांत समारोह व कला प्रदर्शनी 'अभिव्यंजना' पर सेमिनार

## न टूटे मन से कोई संस्थान खड़ा होता, न छोटे सपने से मुकाम होता है हासिल : आर्य

दीक्षांत समारोह विवि का सबसे बड़ा उत्सव व छात्रों व शिक्षकों की मेहनत का प्रमाण : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए सबसे बड़ा उत्सव होता है। यह दिन छात्रों व गुरुजनों की मेहनत के साकार होने का सबसे बड़ा प्रमाण होता है। इसलिए 4 मई को मर्यादा का ध्यान रहते हुए पूरा सुपवा परिवार अपने द्वितीय दीक्षांत समारोह को पूरी खुशी व दिल के साथ सेलिब्रेट करे। वे बुधवार को प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर फैकेल्टी के सेमीनार हाल में डीएलसीसुपवा की सभी फैकेल्टी के टीचिंग स्टाफ को संबोधित कर रहे थे। यह संबोधन दीक्षांत समारोह व कला प्रदर्शनी 'अभिव्यंजना' की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए रखा गया था। डॉ आर्य ने कहा कि न तो टूटे मन से कभी कोई संस्थान खड़ा होता है और न ही छोटे सपने देखने से कोई बड़ा मुकाम हासिल होता है। यूनिवर्सिटी के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए तमाम स्टाफ इन दोनों आयोजन में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए इन्हें सफल बनाने में अपना योगदान दे।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते कुलगुरु डॉ अमित आर्य। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश के राज्यपाल करेंगे समारोह की अध्यक्षता

सुपवा के द्वितीय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के राज्यपाल एवं यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो असीम कुमार घोष डिग्रियां वितरित करेंगे। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहेंगे, जबकि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान 35 मेधावी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान करने के साथ ही 760 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

### ड्रेस कोड की दी जानकारी

रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा ने कहा कि सभी फैकेल्टी सदस्य डिग्री लेने वाले अपने छात्रों ड्रेस कोड के बारे में जरूर बताएं। दीक्षांत समोराह को लेकर किस तरह से प्रोटोकॉल फॉलो करने हैं, इस बात का भी ध्यान रखें। डीन अकेडमिक अफेयर डॉ अजय कौशिक ने कहा कि दीक्षांत समारोह पूर्ण रूप से व्यवस्थित तरीके से प्लान किया गया है। प्रत्येक जरूरी सूचना स्टाफ के साथ साझा की जा रही है, ताकि कोई भी परेशानी खड़ी न हो सके। इस दौरान चारों फैकेल्टी के एफसी व अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

## न्यूज डायरी



### शहीद राय सिंह कॉलेज में द्वितीय दीक्षांत समारोह, रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा मन

**रोहतक।** शहीद राय सिंह राजकीय महाविद्यालय, सांपला में बुधवार को द्वितीय दीक्षांत समारोह, पूर्व छात्र मिलन समारोह तथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर सन्दीप बंसल तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. जगबीर राठी, पूर्व युवा कल्याण निदेशक, जोगिन्द्र शर्मा डी.एस.पी. हरियाणा पुलिस, दर्शन कुमार गोयल, प्रख्यात शिक्षाविद् वाणिज्य, नितिन तिरखा, लोक कलाकार एवं शमशेर सिंह अहलावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार की पुस्तक 'चुभते हुए फूल' का विमोचन भी किया गया।

### ऑस्ट्रेलिया हरियाणवी एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एमडीयू कुलपति से की भेंट



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के छात्रों के लिए भविष्य में ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा, रोजगार और रिसर्च सहभागिता का रास्ता प्रशस्त हो, इस संदर्भ में एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ से ऑस्ट्रेलिया हरियाणवी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेवा सिंह ने मुलाकात की और हरियाणवी प्रवासी समुदाय के बीच रणनीतिक सहयोग पर चर्चा की। कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने कहा कि एमडीयू छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने और विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान को मजबूत बनाने पर विशेष फोकस करेगा। आने वाले समय में इंडस्ट्री-ओरिएंटेड शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और इंटरनेशनल एक्सपोजर पर विशेष ध्यान देगा, ताकि यहां के छात्र न केवल देश बल्कि विदेश में भी अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने भरोसा जताया कि ऑस्ट्रेलिया हरियाणवी एसोसिएशन के साथ यह सहयोग विश्वविद्यालय को ग्लोबल एजुकेशन हब बनाने में मदद करेगा।

### पशुपालन योजनाओं का लाभ उठाएं किसान डेयरी सेक्टर में बढ़ा सकते हैं आय : डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त ने बताया कि मुर्रा विकास योजना के तहत भैंसों के दूध उत्पादन के आधार पर 20 हजार से 40 हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इसी प्रकार देशी गायों और साहिवाल नस्ल की गायों के लिए भी 15 हजार से 25 हजार रुपये तक की सहायता दी जा रही है, जिससे पशुपालकों को बेहतर उत्पादन के लिए प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पंजीकृत और अपंजीकृत गौशालाओं से हर माह रोग जांच के लिए सैंपल लिए जाएं। इसके साथ ही गांवों की बड़ी डेयरियों से भी नियमित रूप से रेंडम सैंपल लेकर पशुओं की बीमारियों का समय रहते पता लगाया जाए। गर्मी के मौसम को देखते हुए उपायुक्त ने पशुपालकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुओं को लू से बचाने, पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने और छाया की व्यवस्था करने के बारे में जानकारी दी जाए। साथ ही सभी टीकाकरण कार्यक्रम समय पर पूरे किए जाएं।




### दीक्षांत समारोह में साहित्य की गूंज, डॉ. सुरेश कुमार की कृति 'चुभते हुए फूल' का लोकार्पण

**सांपला।** राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह इस बार केवल अकादमिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि साहित्यिक रंग भी बिखेरता नजर आया। समारोह के दौरान हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार की नई पुस्तक 'चुभते हुए फूल' का लोकार्पण किया गया, जिसने पूरे कार्यक्रम को विशेष बना दिया। मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि यह पुस्तक वर्तमान समाज के जटिल पहलुओं, मानवीय भावनाओं और यथार्थ को गहराई से उजागर करती है। उन्होंने डॉ. सुरेश कुमार की लेखनी की सराहना करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं पाठकों को सोचने पर मजबूर करती हैं और समाज के प्रति संवेदनशील बनाती हैं।




### संविधान को नहीं मानते कांग्रेसी, महिला आरक्षण बिल पर कर रहे राजनीति: ग्रोवर

**रोहतक।** भाजपा के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कांग्रेस के विधानसभा के विशेष सत्र के समानांतर बाहर सत्र चलाने पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता संविधान को मानने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर वह संविधान को मानते, तो हाउस में जाना चाहिए था। जब विपक्ष का नेता स्पीकर की बुलाई मीटिंग में हाजरी लगा सकता है तो बाद में क्यों भाग जाता है। वे बुधवार को वैश्य सोसायटी में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को विधानसभा स्पीकर ने नोटिस दिया कि विपक्ष के लोग हाउस में क्यों नहीं आए। महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस केवल राजनीति कर रही है। कांग्रेस की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की इच्छा ही नहीं है। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि 2023 में महिला आरक्षण बिल पास हुआ था, लेकिन उसे 2026 के परीसिमन में पास किया जाना था।

### स्वयंसेवकों को ट्रैफिक नियमों पर किया जागरूक

**रोहतक।** यातायात नियमों के प्रति जागरूकता और सड़क सुरक्षा को जीवन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से रोहतक पुलिस की ट्रैफिक टीम ने एक विशेष अभियान चलाया। आईएमटी स्थित एसआरएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सेकंड बटालियन एनसीसी गर्ल विंग हरियाणा द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय कैंप में पहुंचकर पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की बारीकियों से अवगत कराया। ट्रैफिक प्रभारी (यातायात पश्चिम) जसबीर सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल चालान से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है।



### ऑस्ट्रेलिया में रिसर्च के लिए चयनित वंशिका व उनके गुरु का गांव खेड़ी साध में सम्मान

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की फिजिक्स छात्रा वंशिका गहलावत और उनके शिक्षक एवं मेंटर प्रो. राजेश पुनिया का गांव खेड़ी साध में मान-सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने फूल मालाओं के साथ दोनों का स्वागत करते हुए इस उपलब्धि पर गर्व जताया। उल्लेखनीय है कि एमडीयू की 2023-25 बैच की छात्रा वंशिका, जो खेड़ी साध गांव की निवासी हैं, का चयन यूनिवर्सिटी ऑफ़ एडिलेड ऑस्ट्रेलिया में एक महत्वपूर्ण रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए हुआ है। प्रो. राजेश पुनिया ने बताया कि वंशिका शुरू से ही मेहनती और जिज्ञासु छात्रा रही हैं, जिन्होंने अपनी लगन और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। महताब सिंह, डॉ बिजेन्दर, वीरेंद्र गहलावत, मंजू गहलावत, जिले सिंह, खजान सिंह, शीलक मास्टर, बलजीत, राम प्रसाद, हवा सिंह सिंधु, चंद्रभान सिंधु, नवीन, परिता सिंधु, शमशेर गहलावत, रणबीर फौजी, परवीन और सन्तू पहलवान आदि मौजूद रहे।

## गेहूं खरीद को लेकर रोहतक की अनाज मंडी में प्रशासनिक इंतजाम नाकाफी

# बारिश में भीगा खुले में पड़ा आधे से ज्यादा गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गेहूं खरीद को लेकर रोहतक की अनाज मंडी के आंकड़े जितने भारी हैं, उतने ही हल्के नजर आ रहे हैं प्रबंधन के इंतजाम। प्रशासनिक बुलेटिन के मुताबिक मंगलवार रात नौ बजे तक रोहतक मंडी में 9,13,874 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी थी, लेकिन इसमें से केवल 4,84,924 क्विंटल की ही लिफ्टिंग हो पाई। यानी आधे से ज्यादा गेहूं मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा रहा। और इसी बीच मंगलवार रात हुई बारिश ने हालात को और गंभीर बना दिया। बारिश की बूंदें खेतों के लिए वरदान होती हैं, लेकिन मंडी में खुले में पड़े गेहूं के लिए यह नुकसान की दस्तक बन गईं। किसानों और आढ़तियों का कहना है कि पर्याप्त उठान न होने के कारण हजारों क्विंटल गेहूं बिना तिरपाल या सुरक्षित भंडारण के पड़ा था, जो बारिश में भीग गया। भीगा हुआ गेहूं न सिर्फ गुणवत्ता में गिरावट लाता है, बल्कि किसानों की मेहनत और सरकारी खरीद प्रणाली दोनों पर सवाल खड़े करता है।





### नहीं बनाई कोई ठोस योजना

*मौसम विभाग की चेतावनियों को नजरअंदाज किया गया या फिर जिम्मेदार विभागों ने समय रहते कोई ठोस योजना नहीं बनाई। रोहतक मंडी में इंतजामों की कमी अब साफ दिख रही है। जहां तिरपाल, शेड और त्वरित लिफ्टिंग जैसे बुनियादी उपाय भी नाकाफी साबित हुए। किसानों का कहना है कि वे पहले ही फसल की लागत और बाजार के उतार-चढ़ाव से जूझ रहे हैं। ऐसे में मंडी में आकर उनकी उपज का इस तरह भीगना दोहरी मार है। कई किसानों ने आशंका जताई है कि भीगे गेहूं की ग्रेडिंग पर असर पड़ेगा और भुगतान में भी कटौती हो सकती है। यह मामला केवल एक दिन की बारिश का नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की तैयारी का आईना है। यदि समय पर उठान और भंडारण के पुख्ता इंतजाम होते, तो नुकसान से बचा जा सकता था। प्रशासन के दावों और जमीनी हकीकत के बीच का यह अंतर अब खुलकर सामने आ गया है।*

### गेहूं की चमक पर पड़ेगा असर

*सांपला। मंगलवार की आधे रात तेज हवा के साथ इलाके में बारिश हुई। जिसकी वजह से कुछ समय के लिए बिजली बाधित हुई। वही मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी हजारों किलोमीटर गेहूं की फसल भी भीग गई। कुछ आढ़तियों ने बारिश से फसल को बचाने के लिए तिरपाल ढके लेकिन ऊंची ढेरी होने के कारण अनाज सुरक्षित नहीं रहा। सुबह मजदूरों की मदद से पानी की निकासी वह भीगी हुई फसल को आढ़ती सुखाते नजर आए। इसके अलावा गेहूं से भरे बैगों को भी दूसरे स्थान पर रखा गया। सांपला अनाज मंडी में वेयर हाउस और हेफेड द्वारा गेहूं की खरीद की जाती है। 6 लाख क्विंटल से ज्यादा गेहूं की आवक हो चुकी है। लेकिन उठान धीमा होने के कारण ज्यादातर फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी है। बारिश में गेहूं की चमक और गुणवत्ता पर असर पड़ेगा।*

### लू के दूसरे दौर की आशंका

## प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बूंदाबांदी होने से बीते दो तीन लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई है। लेकिन अब अब लू (हीट वेव) के दूसरे दौर की आशंका जताई जा रही है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में गर्मी और अधिक तीखी हो सकती है, ऐसे में लापरवाही स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। उपायुक्त ने बताया कि पहले दौर के बाद अब दूसरा दौर अधिक प्रभावी और खतरनाक साबित हो सकता है, जिसमें तापमान के साथ-साथ लू की तीव्रता भी बढ़ेगी। उन्होंने नागरिकों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हिदायतों का पालन करने का आग्रह किया, ताकि हीट स्ट्रोक और अन्य बीमारियों से बचाव किया जा सके।

### दोपहर में बाहर न निकलें

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। यदि बाहर जाना जरूरी हो, तो सिर को ढककर रखें, हल्के व ढीले सूती कपड़े पहनें और अपने साथ पानी जरूर रखें। शरीर को हाइड्रेट रखना इस मौसम में सबसे अहम सुरक्षा कवच है, इसलिए पानी, छाछ, नींबू पानी और अन्य तरल पदार्थों का नियमित सेवन करना चाहिए। उपायुक्त ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का ध्यान रखने की अपील की है, क्योंकि ये वर्ग लू के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि धूप में खड़े बंद वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को छोड़ना बेहद खतरनाक हो सकता है। खानपान को लेकर भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। अधिक तला-भुना और मसालेदार भोजन से परहेज करने तथा चाय-कॉफी जैसे कैफीन युक्त पेय पदार्थों का सीमित सेवन करने को कहा गया है, क्योंकि ये शरीर में पानी की कमी बढ़ाते हैं। सिविल सर्जन डॉ. रमेश चन्द्र ने बताया कि लू लगने पर तेज बुखार, चक्कर, उल्टी, सिरदर्द, कमजोरी या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दें, तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।



# रचनात्मक गतिविधियों से निखरा बच्चों का हुनर

■ पठानिया पब्लिक स्कूल में शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी व के.जी. के बच्चों के शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर रचनात्मक एवं शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसी क्रम में नर्सरी के बच्चों के लिए ब्लॉक बिल्डिंग एक्टिविटी तथा जूनियर केजी के बच्चों के लिए मैथ्स मैजिक एक्टिविटी का सफल आयोजन किया गया। मैथ्स मैजिक गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को गणित के बुनियादी कॉन्सेप्ट रोचक तरीके से समझाए गए। छात्रों ने 1 से 50 तक की गिनती सीखी, विभिन्न आकारों के चित्र बनाए और उन्हें रंगों से सजाया। खेल-खेल में हुई इस गतिविधि से बच्चों की संख्या पहचान, क्रमबद्धता, रचनात्मकता और फाइन मोटर स्किल्स का विकास हुआ। इन गतिविधियों का संचालन शिक्षिकाओं मोनिका, चाहत, एकता, नीरज, हरलीन एवं रितिका द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। प्रबंध निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के बौद्धिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। विद्यालय आगे भी नवाचार आधारित कार्यक्रम जारी रखेगा। स्कूल को-फाउण्डर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी ने बच्चों की हौंसला अफजाई की तथा भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# नृत्य में टेरेसा हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हासिल किया पहला स्थान

■ अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर धमाकेदार इंटर हाउस प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में अंतर सदनीय नृत्य प्रतियोगिता का बेहद जोशीला और रंगारंग आयोजन किया गया। विद्यालय का ऑडिटोरियम दोपहर 12 बजे से ही उत्साह, तालियों और संगीत की धुनों से गूंज उठा। कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

इस खास अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना, सान्या मायना एवं सह निदेशक हिमांशु गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की रौनक को और बढ़ा दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न सदनों के छात्रों ने बॉलीवुड थीम पर ऐसी दमदार प्रस्तुतियां दीं कि पूरा सभागार झूम उठा।



### ये रहे निर्णायक मंडल में

निर्णायक मंडल में नृत्य शिक्षक पंकज कुमार, रिया त्यागी, उप-प्राचार्य डॉ. अमन अग्रवाल तथा हेडमिस्ट्रेस सुश्री अनामिका बलहारा शामिल रहे। रोमांचक मुकाबले के बाद परिणाम घोषित किए गए, जिसमें टेरेसा हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। राधाकृष्णन हाउस प्रथम उपविजेता रहा, जबकि विवेकानंद हाउस ने द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

# भजनों-लोकगीतों से जगाई जागरूकता की अलख

## 46 गांवों व 10 वार्डों में नारी सशक्तिकरण के लिए प्रचार अभियान चलाकर बताईं सरकारी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में सामाजिक जागरूकता को एक सांस्कृतिक रंग देते हुए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर व्यापक प्रचार अभियान चलाया। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के 46 गांवों और 10 शहरी वार्डों में कलाकारों और भजन मंडलियों ने लोकगीतों के जरिए लोगों तक संदेश पहुंचाया।

ढोलक की थाप और गीतों की लय में बुना यह अभियान सिर्फ जानकारी नहीं, बल्कि संवाद का माध्यम बन गया। गांव-गांव और वार्ड-वार्ड में आयोजित कार्यक्रमों में नागरिकों और विद्यार्थियों को नारी सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में सरल भाषा में जागरूक किया गया।



### इन गावों व वार्डों में हुए कार्यक्रम

यह अभियान अजायब, निंगाना, रूडकी, चिड़ी, भराण, आंवल, पोलंगी, नांदल, खरकड़ा, गढ़ी पटवापुर, मुंगाण, इंद्रगढ़, मोखरा, सांगाहेड़ा, किलोई, घरौंठी, मदीना, कटेसरा, लाढौत, भगवतीपुर, बहलबा, किसरैटी, पिलाना, काहनी, कटवाड़ा, खरक बैंसी, बनियानी, रिठाल, खिड़वाली, निंदाना, लाहली, धामड़, सांघी, गिरावड़, भाली आनंदपुर, मकडौली कलां, घुसकानी, लाखनमाजरा, कलानौर और मकडौली खुर्द सहित कई गांवों में पहुंचा। इसके अलावा शहर के वार्ड नंबर 5, 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13, 14 और 19 में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### ताकि आमजन तक पहुंचे योजनाओं की जानकारी

उपायुक्त ने बताया कि विभाग समय-समय पर ऐसे अभियान चलाता है, ताकि सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे आमजन तक पहुंचे। इस बार 28 अप्रैल तक चले अभियान में भजन पार्टियों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ-साथ कई अहम सामाजिक मुद्दों को भी उठाया। बाल विवाह, नशाखोरी, कन्या भ्रूण हत्या और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर गीतों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही किसानों को फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए भी प्रेरित किया गया, ताकि प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सके। कार्यक्रमों के दौरान कलाकारों ने पारंपरिक शैली में संदेशों को इस तरह प्रस्तुत किया कि दर्शक जुड़ाव महसूस करें और संदेश आसानी से समझ सकें।

# आत्म अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी है नृत्य

■ जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में 'विश्व नृत्य दिवस' के उपलक्ष्य में एकल नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और कला के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हें कलाकारों ने एक मिनट की समय-सीमा के भीतर अपनी नृत्य प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायकों ने पोशाक, प्रस्तुति, मंच उपयोग, आत्मविश्वास और ऊर्जा के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में आयुष, जनक, काव्य, अनुष्का, यशिका समेत कई विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, नृत्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि यह आत्म-अभिव्यक्ति, मानसिक संतुलन और शारीरिक तंदुरुस्ती का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन छात्रों में टीम भावना और अनुशासन का विकास करते हैं।

कार्यक्रम की सफलता में उप-प्रधानाचार्या मशेंका, विन्नी, रवनीत, कीर्ति, रेशमा, सीमा दुआ, सागर और अन्य स्टाफ सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक यादगार और महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## एमडीयू में तनाव मुक्त एकाग्र छात्र जीवन विषय पर विशेष व्याख्यान

**रोहतक।** एमडीयू के दृश्य कला विभाग में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए तनाव मुक्त एकाग्र छात्र जीवन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के शिक्षक कार्तिक गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआईएमएस, रोहतक से आए विशेषज्ञों- डॉ. मोहित, डॉ. संजय और डॉ. मनीष ने भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्तिक गुप्ता ने अपने संबोधन में योग और ध्यान की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से न केवल मानसिक तनाव कम होता है, बल्कि एकाग्रता और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सरल ध्यान तकनीकों का अभ्यास करवाते हुए दैनिक जीवन में इन्हें अपनाने की सलाह दी।

# श्रमिकों को भेंट किए 1000 परने



**रोहतक।** भीषण गर्मी के बीच समाजसेवी पंकज बलहारा ने कार्यरत श्रमिकों के लिए सराहनीय पहल करते हुए परने वितरित किए। इस कदम का उद्देश्य मजदूरों को तेज धूप और गर्मी से राहत पहुंचाना है। पंकज बलहारा ने कहा कि निर्माण कार्य में लगे मजदूर दिनभर कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं, इसलिए उनकी सुविधा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि वे 1000 परने वितरित करने का संकल्प ले चुके हैं और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इससे पहले सर्दियों में भी वे 1000 कंबल वितरित कर अपना संकल्प पूरा कर चुके हैं। साथ ही उनकी परंपरा है कि हर परियोजना पूर्ण होने पर पूरी टीम के साथ सलासर बालाजी मंदिर और खाटू श्याम के दर्शन करने जाते हैं।

# सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट्स को समग्र विकास व तनाव प्रबंधन के दिए टिप्स




**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई के एबीपी ट्रेनिंग सत्र का सफल आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल परिसर में सीबीएसई द्वारा एबीपी (एडोलसेंट बिहेवियर एंड पेडागॉजी) ट्रेनिंग सत्र का प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के समग्र विकास, जीवन कौशल तथा तनाव प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान करना रहा। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन के रूप में शिक्षाविद् प्रवीण देशवाल एवं सुमित आंतिल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रशिक्षण सत्र को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं अत्यंत रोचक बनाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों को केवल पाठ्य ज्ञान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाना तथा व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना भी उतना ही आवश्यक है। रिसोर्स पर्सन ने तनावमुक्त जीवन जीने की कला पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक यदि स्वयं सकारात्मक, संतुलित और संवेदनशील रहेंगे ,तो वे विद्यार्थियों को भी तनाव, भय और मानसिक दबाव से दूर रख सकेंगे। प्रशिक्षण सत्र को अधिक जीवंत और मनोरंजक बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों, समूह कार्यों, संवादात्मक खेलों तथा अनुभवात्मक अभ्यासों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल के विभिन्न रूपों जैसे आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता, सहानुभूति, सहयोग तथा समस्या समाधान जैसे विषयों को व्यवहारिक रूप में समझाया गया। विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान एवं प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान ने रिसोर्स पर्सन्स का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ शिक्षण प्रक्रिया को भी अधिक प्रभावी बनाते हैं।

## ये कैसा प्रशासनिक स्वच्छता मॉडल, टॉयलेट के गेट से ही लौटने को होना पड़ रहा मजूबर

# चमकता लघु सचिवालय, सड़ते शौचालय: अफसरों के लिए अंग्रेजी सीट, आम आदमी के महीनों नहीं होते साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाहर से चमकता-दमकता लघु सचिवालय बहुत ही अच्छा लगता है। लेकिन अंदर कदम रखते ही कुछ और महसूस होता है। जहां आम आदमी के लिए बुनियादी सुविधाएं तक बदहाल पड़ी हैं। सबसे चिंताजनक हाल शौचालयों का है, जो स्वच्छता के बजाय दुर्गंध का स्थायी स्रोत बन चुके हैं। ग्राउंड फ्लोर पर समाज कल्याण विभाग के साथ स्थित शौचालयों की स्थिति तो बदतर की परिभाषा लिखती है। स्थानीय लोगों और आने-जाने वाले नागरिकों का कहना है कि यहां महीनों तक सफाई नहीं होती। हालात ऐसे हैं कि कोई व्यक्ति शौचालय के गेट तक पहुंचकर ही वापस लौटने को मजबूर हो जाता है।



### 50-60 मीटर दूर तक फैली रहती है दुर्गंध

50-60 मीटर दूर तक फैली सड़ांध न सिर्फ असहनीय है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनती जा रही है। विडंबना यह है कि इन शौचालयों के बिल्कुल पास ही आधार कार्ड सेंटर संचालित हो रहा है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपने जरूरी कार्यों के लिए पहुंचते हैं। लेकिन उन्हें काम के साथ-साथ बदबू की मार भी झेलनी पड़ती है। कई लोगों का कहना है कि लंबे समय तक वहां खड़ा रहना तक मुश्किल हो जाता है। सबसे ज्यादा सवाल इस बात पर उठ रहे हैं कि जहां एक ओर आमजन के लिए बने शौचालय बदहाली का शिकार हैं, वहीं अधिकारियों के निजी शौचालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। अंग्रेजी सीट से लेकर साफ-सफाई तक। यह दोहरी व्यवस्था प्रशासन की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करती है। क्या स्वच्छता केवल वीआईपी दायरे तक सीमित है।



### बुनियादी सुविधाओं की यह हालत चिंताजनक

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे गंदे और अस्वच्छ शौचालय न केवल असुविधा पैदा करते हैं, बल्कि बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ा देते हैं। विशेषकर गर्मी के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। बढ़ते तापमान के कारण दुर्गंध और बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो जाता है। ग्राउंड फ्लोर पर स्थित शौचालयों के हालात इतने खराब बताए जा रहे हैं कि लोग अंदर जाने से पहले ही लौटने को मजबूर हो जाते हैं। बदबू का दायरा कई मीटर तक फैल रहा है, जिससे नजदीकी कार्यालयों और सेवा केंद्रों में आने वाले नागरिक भी प्रभावित हो रहे हैं। यह स्थिति केवल सफाई व्यवस्था की कमी नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता को भी उजागर करती है। जहां एक ओर स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाओं की यह हालत चिंताजनक है।

### स्वच्छ भारत जैसे अभियान कागजों व होर्डिंग्स तक सिमटे

स्वच्छ भारत जैसे अभियानों की गूंज कागजों और होर्डिंग्स तक तो सुनाई देती है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों को खोखला साबित करती नजर आती है। जिस भवन में रोजाना सैकड़ों लोग अपने काम के लिए आते हैं, वहां शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा की यह हालत न केवल असुविधाजनक है, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक भी है। यहां आने वाले लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। सफाई व्यवस्था के लिए जिम्मेदार विभाग और अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं हो पाती, जिससे स्थिति जस की तस बनी रहती है।

## खबर संक्षेप

### गिरावड़ में आग से सोलर प्लेट जलीं

**महम।** उपमंडल के गांव गिरावड़ में आग से कई किसानों की सोलर प्लेट जल गई। ये सोलर प्लेट किसानों ने खेत में ट्यूबवैलों पर लगाई हुई थी। गत दिवस खेतों में अचानक आग लग गई थी। गिरावड़ गांव के किसान सुरेंद्र, लीला, संजय और रामबीर की सोलर प्लेट आग की भेंट चढ़ गई। आंधी से कुछ सोलर प्लेटें उखड़ भी गई। किसानों ने सरकार से उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### कबड्डी नर्सरी के लिए भैणीभैरों में ट्रायल आज

**महम।** खेल विभाग द्वारा भैणीभैरों गांव में कबड्डी की नर्सरी को मंजूरी दी गई है। 30 अप्रैल को शाम 4 बजे गांव की कबड्डी एकेडमी में ट्रायल होंगे। कोच रविंद्र कुमार ने बताया कि इस ट्रायल में 8 साल से 18 वर्ष के लड़के भाग ले सकते हैं। खिलाड़ी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, दो फोटो, बैंक पास बुक और परिवार पहचान पत्र लेकर आएं।


### गिरावड़ में हॉकी नर्सरी के लिए ट्रायल आज

**महम।** खेल विभाग द्वारा गिरावड़ गांव में लड़के और लड़कियों की खेल नर्सरी मंजूर की गई है। 30 अप्रैल को ग्राम पंचायत द्वारा गांव में शाम चार बजे 8 साल से 19 साल तक के लड़के और लड़कियों की ट्रायल ली जाएगी। खिलाड़ी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, दो फोटो, बैंक पास बुक और परिवार पहचान पत्र साथ लेकर आएं। इसी दिन सुबह 7 से 8 बजे तक कोच की नियुक्ति के लिए ग्राम पंचायत द्वारा साक्षात्कार लिया जाएगा।

## बोहर-आईएमटी रोड पर गड्ढे ही गड्ढे, प्रशासनिक दावे पूरी तरह फेल

# सिर्फ नाम ही मॉडल : उद्योगों की रीढ़ बनी सड़क खुद ही सहारे की मोहताज

- उद्योगों से सरकार को हर साल करोड़ों का टैक्स मिल रहा फिर भी खस्ताहाल
- रोज हादसे का खतरा, उद्योगपतियों और कर्मचारियों में आक्रोश
- शिकायतों के बावजूद नहीं हुई मरम्मत, पैचवर्क भी साबित हुआ नाकाफी
- भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क और टूट रही, हर सफर बन रहा जोखिम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बोहर गांव के साथ से गुजरने वाली इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) रोड पर इन दिनों गड्ढे ही गड्ढे हैं। उद्योगों की रीढ़ मानी जाने वाली यह सड़क अब खुद सहारे की मोहताज है। विडंबना यह कि जिन उद्योगों से सरकार को हर साल करोड़ों रुपये का टैक्स मिलता है, उन्हीं तक पहुंचने वाली सड़क की यह हालत प्रशासनिक उदासीनता की खुली तस्वीर पेश करती है। उद्योगपतियों और वाहन चालकों का कहना है कि सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण ये गड्ढे और चौड़े व खतरनाक होते जा रहे हैं। बरसात से पहले ही हाल ऐसा है, तो मानसून में स्थिति कितनी बिगड़ेगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। कई स्थानों पर सड़क की परत उखड़ चुकी है, जिससे वाहन चालकों को हर दिन जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है।




### ये कहते हैं स्थानीय लोग

स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारियों पर न तो चेतावनी का असर है और न ही आमजन की परेशानियों की कोई परवाह।रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक जोखिम उठाकर सफर करने को मजबूर हैं। हादसे की आशंका हर पल बनी रहती है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की सुस्ती जस की तस है। सवाल यही है कि जब उच्च स्तर से स्पष्ट निर्देश हैं, तो आखिर जमीनी स्तर पर अमल क्यों नहीं हो रहा।

### वाहन चालकों के लिए खतरनाक रास्ता

आईएमटी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि रोजाना की आवाजाही बड़े जोखिम से से कम नहीं। बाइक सवारों के लिए यह रास्ता खास तौर पर खतरनाक बन गया है, जहां जरा-सी चूक भारी पड़ सकती है। उद्योग प्रतिनिधियों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभागों को शिकायतें दी गईं, लेकिन मरम्मत कार्य या तो शुरू ही नहीं हुआ या फिर औपचारिक पैचवर्क के बाद छोड़ दिया गया। नतीजा ये होता है कि कुछ ही दिनों में वही गड्ढे फिर मुंह बाए खड़े मिलते हैं। यह दुरुस्त सड़क की जगह तुरंत बिगाड़ का चक्र बन गया है। जब उद्योग नियमित रूप से टैक्स देकर राज्य की आय बढ़ाते हैं, तो उनके लिए बुनियादी ढांचा दुरुस्त रखना किसकी जिम्मेदारी है।

### समय रहते सुध ले प्रशासन

प्रशासन के लिए यह समय जागने का है, सिर्फ निरीक्षण का नहीं। बोहर-आईएमटी रोड को टैक्स कॉरिडोर से 'ट्रैप कॉरिडोर' बनने से रोकना अब जरूरी हो गया है। अगर हालात यूं ही रहे, तो यह सड़क सिर्फ गड्ढों का नक्शा नहीं, बल्कि विकास के दावों पर बड़ा सवाल बनकर उभरेगी। अब देखना यह है कि प्रशासन इन गड्ढों को भरता है या फिर जनता के धैर्य की सीमा को।

### डीसी के निर्देश भी हवा-हवाई

उपायुक्त सचिन गुप्ता हर बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हैं कि यदि किसी भी सड़क पर लापरवाही के चलते दुर्घटना होती है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। लेकिन बोहर-आईएमटी रोड की बदहाल स्थिति इन निर्देशों को खुली चुनौती देती दिख रही है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे न केवल हादसों को न्योता दे रहे हैं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता की कहानी भी बयां कर रहे हैं।

# गंदगी फैलाने पर निगम की टीम ने किए चालान



- सफाई व स्वच्छता की जागरूकता अभियान निरंतर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता के आदेशो की अनुपालना में विशेष सफाई अभियान एवं जन-जागरूकता अभियान निरंतर चलाए जा रहे है। नगर निगम की टीम द्वारा प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है तथा गंदगी फैलाने वालो पर कार्रवाई करते हुए चालान किए जा रहे है। नागरिको को डस्टबीन के प्रयोग करने बारे अपील की जा रही है ताकि कूड़ा इधर-उधर न फैका जाए। नागरिको से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करने व अपने आस पास साफ-सफाई बनाए रखने बारे अपील की जा रही है।

नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि नगर निगम की टीम द्वारा वार्डो में जागरूकता अभियान चलाकर नागरिको को गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित कर निगम की गाड़ी में अलग-अलग देने बारे प्रेरित कर रही है। नागरिको को डस्टबीन के प्रयोग करने बारे अपील की जा रही है ताकि कूड़ा इधर-उधर न फैका जाए। टीम द्वारा स्कूल, कालेजो में भी वर्कशाप का आयोजित कर बच्चो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है ताकि रोहतक शहर को और अधिक स्वच्छ व सुन्दर बनाया जा सके।

निगम द्वारा स्वच्छता व जागरूकता अभियान के साथ-साथ गंदगी फैलाने वालो पर भी निरंतर कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम की टीमें निरंतर फिल्ड में कार्य कर रही है तथा गंदगी फैलाने वालो के चालान किए जा रहे है।

### बुधवार को टीम ने किए 5 चालान

*बुधवार को नगर निगम की टीम द्वारा शहर में निरीक्षण करते हुए 5 चालान 10 हजार रुपये के गंदगी फैलाने वालो के किए गए। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि रोहतक शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में अग्रणी स्थान प्राप्त हो सके।*

## 17 केन्द्रों पर तैनात किए अधिकारी

# नीट के लिए रोहतक में पुख्ता प्रबंधः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 3 मई को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जिलाधीश सचिन गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-16(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए परीक्षा केन्द्रों पर ओवरऑल इंचार्ज, सेक्टर अधिकारी और ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जिले में इस बार कुल 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां 5307 परीक्षार्थी 3 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ऑफलाइन मोड में परीक्षा देंगे। जारी आदेशों के अनुसार, 8 परीक्षा केन्द्रों के लिए रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार को ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है, जबकि शेष 7 केन्द्रों की जिम्मेदारी रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग को सौंपी गई है। विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को सेक्टर अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है, जो परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में भी विभिन्न विभागों के कार्यकारी अभियंता और अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जिनकी जिम्मेदारी परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी आपात स्थिति से निपटना होगी।

### गंभीरता व सतर्कता के साथ करें जिम्मेदारियों का निर्वहन



जिलाधीश सचिन गुप्ता ने सभी नियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ करें, ताकि परीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा किए गए इन व्यापक इंतजामों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नीट (यूजी) परीक्षा पूरी पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था के साथ सम्पन्न हो सके, जिससे परीक्षार्थियों को निष्पक्ष माहौल मिल सके।

# डिजिटल अरेस्ट पर लगेगी लगाम, 'डबल ओटीपी' बनेगा सुरक्षा का नया कवचः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे 'डिजिटल अरेस्ट' और मानसिक दबाव जैसे हथकंडों से निपटने के लिए रोहतक पुलिस ने अब तकनीक को ही अपना हथियार बनाया है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा अजय सिंघल के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने जिले के सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य केंद्र 'डबल ओटीपी' प्रणाली रही, जिसे विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों की जमापूंजी सुरक्षित रखने के लिए मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है।

एसपी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि वर्तमान में साइबर ठग सीधे बैंक खाते हैक करने के बजाय लोगों को डरा-धमकाकर या सरकारी अधिकारी बनकर उनसे ओटीपी मांग लेते हैं। पारंपरिक एकल ओटीपी व्यवस्था में ठगी का डर बना रहता है, लेकिन 'डबल ओटीपी' एक मजबूत सुरक्षा परत है। इसके तहत पहला ओटीपी खाताधारक के मोबाइल पर आएगा, जबकि दूसरा ओटीपी या पुष्टि कॉल उस विश्वसनीय परिजन के पास जाएगी, जिसे खाताधारक ने नामांकित किया होगा।

### सतर्कता ही बचाव का रास्ता



एसपी रोहतक ने आमजन से अपील की है कि वे अपने बैंक खातों में 'डबल ओटीपी' सुविधा सक्रिय करवाएं और किसी भी संदिग्ध कॉल या धमकी मिलने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में संपर्क करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि साइबर सुरक्षा केवल तकनीक से नहीं, बल्कि जागरूकता और सतर्कता से ही मजबूत होगी।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुरक्षा कवच

यह पहल विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और अकेले रहने वाले व्यक्तियों के लिए शुरू की गई है। एसपी ने कहा कि साइबर अपराधी अक्सर बुजुर्गों को आसान लक्ष्य बनाते हैं। बड़ी राशि के लेन-देन पर दोहरी पुष्टि की यह व्यवस्था उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाने में निर्णायक साबित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैंकिंग संस्थानों, सोशल मीडिया और सार्वजनिक कार्यक्रमों के माध्यम से इस प्रणाली के प्रति जागरूकता फैलाएं।

## 22वें दिन भी जारी रही हड़ताल

# न्यायोचित मांगों की अनदेखी से दमकल कर्मियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



हरियाणा सरकार के कथित 'सौतेले व्यवहार' के खिलाफ दमकल कर्मचारियों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। नगर पालिका कर्मचारी संघ और अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के बैनर तले रोहतक फायर स्टेशन पर चल रही संयुक्त हड़ताल बुधवार को 22वें दिन भी जारी रही। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र व हरियाणा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, आंदोलन थमेगा नहीं।

हड़ताल की अध्यक्षता कर रहे प्रधान साहून खान और मंच संचालक सुनील कुमार ने बताया कि फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए दमकल कर्मी रणवीर सिंह और भवीचंद शर्मा को 'शहीद' का दर्जा देना उनकी प्रमुख मांग है। इसके साथ ही शहीदों के परिजनों को 1-1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी, 5000 रुपये मासिक जोखिम भत्ता और कच्चे कर्मचारियों को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देशानुसार पक्का करने की मांग की जा रही है।

कर्मचारी नेताओं ने चिंता जताई कि किसानों की गेहूं की फसल तैयार है, ऐसे में अग्निशमन सेवाओं का ठप होना खतरनाक है, लेकिन सरकार गंभीर नहीं दिख रही। हड़ताल को अब 5 मई तक बढ़ा दिया गया है।

राज्य प्रधान राजेंद्र सिनौर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार का अड़ियल रुख बना रहा, तो 1-2 मई को प्रदेश के 32 हजार पालिका कर्मचारी काम बंद कर सड़कों पर उतरेंगे। इस दौरान अरुण ढुल, परवीन, सुरजीत और रामरतन सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

# महासचिव ने की संस्थान के सभी प्राचार्यों के साथ बैठक

**रोहतक।** वैश्य एजुकेशन सोसायटी के कान्फ्रेंस हाल में बुधवार को महासचिव राधेश्याम गर्ग ने संस्थान के सभी प्राचार्यों के साथ बैठक करके संस्थान की गतिविधियों एवं वर्तमान हालात पर चर्चा की। महासचिव राधेश्याम गर्ग ने प्राचार्यो को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी प्राचार्य जिला रजिस्ट्रार द्वारा 27 अप्रैल को जारी आदेश तुरन्त प्रभाव से पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्राचार्यो को प्रधान द्वारा किये गये अनेक असंवैधानिक कार्यो जैसे कि नियुक्ति, पदोन्नति, वेतनबृद्धि तथा एक संस्थान से दूसरे संस्थान में फण्ड ट्रांसफर की सूची 2 दिन के अन्दर भेजने का आदेश दिया। सभी प्राचार्य ईमानदारी एवं मेहनत से संस्थान की तरक्की के लिए कार्य करें उन्हें जो भी कार्य करवाना है हमें लिखकर भेजे सभी कार्य गवर्निंगबाडी से पास करवाएं जायेंगे। उन्होंने संस्थान में दाखिला बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि संस्थान का कोई भी कार्य सफर नही होगा शीघ्र ही गवर्निंगबाडी की बैठक करके प्रधान तथा कोषाध्यक्ष का चयन कर लिया जाएगा।



**रोहतक।** मीटिंग लेते वैश्य एजुकेशन सोसायटी के महासचिव राधेश्याम गर्ग।


# 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत



**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय तेवतिया ने बताया कि 9 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों को इस लोक अदालत में लाकर जल्द व सुलभ न्याय प्राप्त करें। लोक अदालत के लिए कुल 6 बेंच गठित की गई हैं। इस लोक अदालत में चालान, बैंक, बिजली, सड़क दुर्घटना, सिविल और आपराधिक मामलों सहित विभिन्न केसों का निपटारा किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# महिला थाना पुलिस ने की बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में चेकिंग

## तीन बाहरी युवकों को पकड़ा : चेतावनी देकर छोड़ा

**लड़कियों से छेड़छाड़ की मिली थी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महिला थाना टीम ने बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी की कैंटीन पर चेकिंग की। इस दौरान वहां बैठे युवाओं से पूछताछ की। कुछ युवक यूनिवर्सिटी के बाहर मिले, जिन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया। महिला थाना पुलिस को लड़कियों के साथ छेड़छाड़ होने की शिकायत मिल रही थी। सबसे अधिक शिकायत बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी से आ रही थी। जिसके चलते महिला थाना एसएचओ मीना के नेतृत्व में पीसीआर दोपहर के समय यूनिवर्सिटी पहुंची।

टीम ने वहां मौजूद युवाओं से पूछताछ की और उनके आईकार्ड भी चेक किए गए। महिला थाना टीम ने कैंटीन के अंदर व बाहर बैठे युवाओं से पूछताछ की और यूनिवर्सिटी का आईकार्ड मांगा। कुछ युवाओं ने कहा कि वह यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट नहीं है। ऐसे में एसएचओ मीना ने युवाओं को चेतावनी दी कि कॉलेज कैंपस की कैंटीन में दोबारा दिखाई नहीं देने चाहिए। कैंटीन यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट के लिए है।

### कैंटीन संचालक को चेतावनी

एसएचओ मीना ने कैंटीन संचालक को भी चेतावनी दी कि यूनिवर्सिटी स्टूडेंट के अलावा बाहरी युवकों को अंदर न आने दें। बाहर से आने वाले युवक ही लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करते हैं, उनके ऊपर कॉमेंट पास करते है, जिसके कारण लड़कियां अपने आप को असहज महसूस करती है। महिला थाना एसएचओ मीना ने बताया कि स्कूल व कॉलेजों के अंदर लड़कियों के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने आते है। ऐसे में महिला पुलिस की टीम निरंतर स्कूल व कॉलेजों में औचक निरीक्षण कर जांच करती है। ऐसे युवाओं को पकड़ा जाता है, जो लड़कियों को परेशान करते है। आज निरीक्षण के दौरान अधिकांश यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट की मिले है। कुछ युवक बाहर के थे, जिन्हें चेतावनी दी गई है।

## दिल्ली बाइपास, जाट कॉलेज और पावर हाउस स्टॉप पर बदहाली

**शिकायतों के बावजूद निगम की कार्रवाई शून्य**

# बस शेल्टर बने शोपीस : न धूप से बचाव, न ही बारिश में राहत

- टूटी छतों के नीचे बसों का इंतजार बढ़ा रहा लोगों की परेशानी
- लाखों खर्च के बाद भी नहीं सुधरे बस शेल्टर




### जाट कॉलेज के पास बने शेल्टर की हालत सबसे ज्यादा

छत टूटी होने के कारण सूरज की सीधी किरणें यात्रियों पर पड़ती हैं, जिससे बुजुर्गों और बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में यात्री बचकर जाएं तो कहां जाएं, उन्हें मजबूरी में तपती धूप में ही खड़ा होकर बस का इंतजार करना पड़ता है। जाट कॉलेज के पास बने शेल्टर की हालत सबसे ज्यादा खस्ता है, जहां बैठने की जगह पर भी गंदगी का अंबार लगा रहता है और ऊपर से छत का नामोनिशान नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर को स्मार्ट बनाने के दावों के बीच सार्वजनिक परिवहन की बुनियादी सुविधाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं। शहर के मुख्य मार्गों पर स्थित बस क्यू शेल्टर खुद अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। दिल्ली बाइपास, जाट कॉलेज और पावर हाउस जैसे प्रमुख स्टॉपेज पर बने शेल्टरों की छतें इस कदर टूट चुकी हैं कि वे यात्रियों को आश्रय देने के बजाय उनके लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। समाजसेवी जसबीर कुमार का कहना है कि वर्तमान में बारिश का मौसम जारी है भी और नहीं भी, लेकिन यात्रियों के लिए बस का इंतजार करना किसी चुनौती से कम नहीं है। बस क्यू शेल्टरों की छतें गायब हैं, जिसके कारण बारिश होते ही छत से पानी सीधा नीचे खड़े होने वाले यात्रियों पर गिरता है।



### नगर निगम जल्द इन्हें सुधारे

शहर के निवासियों का कहना है कि इन शेल्टरों की मरम्मत के लिए कई बार नगर निगम और संबंधित विभाग को सूचित किया गया है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। लाखों रुपये की लागत से बने ये ढांचे अब केवल विज्ञापनों के बोर्ड लगाने के काम आ रहे हैं, जबकि यात्रियों की मूलभूत सुविधा की ओर किसी का ध्यान नहीं है। दिल्ली बाइपास जैसे व्यस्त इलाके में शेल्टर की चादरें उखड़ी हुई हैं और लोहे का ढांचा जंग खा चुका है, जो हादसे को न्योता दे सकता है।

### जांच करवाई जाएगी

*अगर ऐसी बात है तो इनकी जांच करवाई जाएगी। यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करने दिया जाएगा। अगर शिकायत मिली है और उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है तो उसकी भी जांच करवाई जाएगी। -रामअवतार वाल्मिकी, मेयर नगर निगम*